दिन– गुरूवार

दिनांक– 14 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। नया भारत की थीम के साथ होगा समारोह का आयोजन।

03. जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान भागलपुर निवासी जवान अंकित कुमार शहीद

04. और, मुजफ्फरपुर की प्रगति राज ने चौथी राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में प्रदेश को पहली बार स्वर्ण पदक दिलाया।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और फिर अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

---

राष्ट्रपति के संबोधन के कारण आकाशवाणी पटना से प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचार के प्रसारण समय में बदलाव किया गया है। आज सांध्यकालीन समाचार बुलेटिन का प्रसारण शाम छह बजकर पैंतीस मिनट से किया जाएगा। वहीं, जिले की हलचल का प्रसारण छह बजकर बावन मिनट से होगा।

---

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में आज के दिन ही भारत के विभाजन की विभाजन की घोषणा की गयी थी। इस दिन विभाजन के दौरान हुई लोगों की पीड़ा और असहनीय कष्टों को याद किया जाता है। राष्ट्र उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है जिन्होंने वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी और अकल्पनीय वेदना को सहन किया।देश के बंटवारे के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि स्वरूप वर्ष दो हजार इक्कीस में भारत सरकार ने चौदह अगस्त को उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था।

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय नया भारत है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाया जाएगा। निमंत्रण पत्रों पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी अंकित किया गया है। इस वर्ष लाल किले में होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए बिहार समेत देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग पाँच हज़ार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के निर्देश के बाद पंचायती राज विभाग ने सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है। विभाग के अनुसार ग्राम सभाओं में तीन प्रमुख मामलों को अनिवार्य रूप से शामिल करने का निर्देश दिया गया है। इनमें नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग और संबंधित योजनाओं का प्रचार–प्रसार, आवारा पशुओं का प्रबंधन और चारागाह तथा आश्रय स्थलों समेत अन्य मामलों पर चर्चा की जाएगी।

---

जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा, एलओसी पर आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान भागलपुर निवासी जवान अंकित कुमार शहीद हो गए। सेना ने सोशल

मीडिया पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि चिनार कोर बहादुर हवलदार अंकित कुमार के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है।

---

केंद्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने पटना एम्स में चयनित दो डॉक्टरों कुमार सिद्धार्थ और कुमार हर्षित राज के खिलाफ आपराधिक मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। कुमार सिद्धार्थ पर फर्जी ओबीसी प्रमाणपत्र के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन का आरोप है, जबकि कुमार हर्षित राज पर ईडब्ल्यूएस कोटे की सीट को यूआर श्रेणी में परिवर्तन के बाद ट्यूटर और डेमॉन्स्ट्रेटर की नौकरी पाने का आरोप है।

---

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने अरवल जिले के कुर्था सर्वे कार्यालय में छापेमारी कर दो सर्वेक्षण अमीन को पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमीन स्वाति चौरसिया और रवि राज के खिलाफ जमीन के अभिलेख में बदलाव करने के एवज में रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई गयी थी। वहीं, नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्थित जिला निबंधन कार्यालय के तत्कालीन निम्नवर्गीय लिपिक जितेंद्र कुमार सिन्हा को रिश्वत लेने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि निगरानी ब्यूरो की टीम ने इक्कीस जुलाई दो हजार सत्रह को लिपिक जितेन्द्र को पंद्रह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों तक मौसम में विशेष बदलावा की संभावना नहीं है। इस दौरान अधिकांश स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने आज किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, पटना सहित प्रदेश के मध्य और पूर्वी भागों के जिलों में एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात के साथ ही तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया में रिकॉर्ड दो सौ छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सहरसा के मानसी में एक सौ अट्ठासी दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। पटना में भी मूसलाधार बारिश हुई है।

---

प्रदेश में गंगा समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव की स्थिति देखी जा रही है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गंगा नदी के जलस्तर में बक्सर, पटना, मुंगेर और भागलपुर में कमी दर्ज की गयी है। हालांकि बक्सर को छोड़कर नदी का जलस्तर शेष सभी स्थानों पर अब भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, पुनपुन नदी के जलस्तर में कमी के बावजूद पटना के श्रीपालपुर में यह लाल निशान के ऊपर बना हुआ है। इधर, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद और कोसी नदी खगड़िया के बलतारा तथा कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। हालांकि इन नदियों के जलस्तर में कमी दर्ज की गयी है। मुजफ्फरपुर के रेवाघाट और पश्चिम चंपारण के चटिया में गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

---

पटना, मुंगेर, पूर्णिया, भागलपुर समेत दस जिलों के चौवन प्रखंडों की तीन सौ अड़तालीस पंचायतों की पच्चीस लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। बाढ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने तथा बाढ़ प्रभावितों के बीच अनुग्रह राशि का जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने कल वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा के दौरान फसलों को हुई क्षति को लेकर किसानों के बीच सहायता राशि का भुगतान करने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए।

पूर्णिया जिले में कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने लगा है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी लगातार निचले क्षेत्रों में बढ़ता जा रहा है। कोसी नदी वीरपुर स्थित भीम नगर बैराज में लगातार खतरे के निशान से ऊपर बनी हुई है। रुपौली प्रखंड के कोयली सिमरा पूर्वी और पश्चिमी, कांप, भौवा परवल सहित 11 पंचायतों के 50 हजार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। जहां लोग सुरक्षित स्थान पर पलायन कर रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से बाढ़

प्रभावित क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। पीएचडी की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को चिन्हित कर लोगों के रहने, खाने–पीने और अस्थाई शौचालय के अलावे दवाओं सहित पशु चारे की व्यवस्था की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

---

मुजफ्फरपुर की प्रगति राज ने चौथी राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप दो हजार पच्चीस में स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में प्रगति ने हरियाणा की तन्वी को शून्य के मुकाबले पांच अंकों से हराकर यह उपलब्धि हासिल की है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि पहली बार बिहार की बेटी ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीता है।यह पदक राज्य के अन्य खिलाड़ियों को बॉक्सिंग के प्रति प्रोत्साहित करेगा।

---

गोरखपुर–गोण्डा रेलखंड स्थित गोविन्दनगर–बभनान के बीच नॉन इण्टरलॉक कार्य के कारण तेईस रेलगाड़ियों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे ने लखनऊ जंक्शन और पाटलिपुत्र से उन्नीस अगस्त को खुलने वाली अप और डाउन हरिद्वार– रामनगर एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया है। रेलवे के अनुसार, आनन्द विहार टर्मिनल से अठारह अगस्त को खुलने वाली आनन्द विहार टर्मिनल–बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस और कटिहार से खुलने वाली कटिहार–अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन को एक सौ बीस मिनट के पुनर्निर्धारित समय सारणी के अनुसार चलाई जाएगी।

---

गयाजी जिले में आज मां मंगला गौरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कला संस्कृति एवं युवा विभाग और जिला प्रशासन की ओर से पहली बार आयोजित होने वाले इस महोत्सव में स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

---

मुंगेर जिले के सफियासराय थानान्तर्गत हेरूदियारा पेट्रोल पंप के पास वाहन जांच के दौरान कल देर रात उग्र भीड़ ने परिवहन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला दारोगा समेत तीन कर्मी घायल हो गये।

---

कटिहार पुलिस ने फलका थाना क्षेत्र से एक युवक का अपहरण के बाद फिरौती मांगे जाने के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि अपराध में शामिल पांच कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से तीन देशी पिस्तौल बारमद किया गया है।

---

बक्सर जिल की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब की बिक्री मामले में महिला शराब विक्रेता को पांच साल की कैद और एक लाख रुपये के जुर्माने की सज़ा सुनायी है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में चौतरवा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेज़ी शराब बरामद की है। इस संबधं में दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राज्य में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है – मतदाता सूची पर मतभेद बढ़ा। कांग्रेस ने विरोध अभियान तेज किया, भाजपा का विपक्ष पर जवाबी हमला।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है – कल से तीन हजार के फास्टैग से पार कर सकेंगे दो सौ टोल।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है – एक लाख चालीस हजार जीविका कर्मियों का मानदेय और जे.पी. सेनानियों की पेंशन दोगुनी हुई।

प्रभात खबर लिखता है – शराब तस्करी के मामले में ईडी ने राष्ट्रपति से पुरस्कृत मुखिया के घर की छापेमारी, देवर हिरासत में।

आज अखबार की सुर्खी है – कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की नौवीं और बारहवीं की छात्राओं को इंजीनियरिंग और मेडिकल की कराई जाएगी तैयारी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। नया भारत की थीम के साथ होगा समारोह का आयोजन।

03. जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान भागलपुर निवासी जवान अंकित कुमार शहीद

04. और, मुजफ्फरपुर की प्रगति राज ने चौथी राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में प्रदेश को पहली बार स्वर्ण पदक दिलाया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।